

बैरिकेड मुक्त हुई २६ किमी की सड़कें

सामना संवाददाता / मुंबई

शहर में सभी जगह मेट्रो के काम चल रहे हैं। ऐसे में मेट्रो निर्माण की साइट पर सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेड लगाए गए हैं। मॉनसून के दौरान शहर में वाहनचालकों को ट्रैफिक जाम की परेशानी से न जूझना पड़े इसलिए एमएमआरडीए ने मेट्रो साइट से अब तक २६ किमी की सड़कों को बैरिकेड्स मुक्त किया है।

बता दें कि मॉनसून के दौरान सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ जाती है। एमएमआरडीए के अनुसार मेट्रो साइट पर जहां-जहां की नींव रखने का काम पूरा हो गया है वहां की सड़कों के बैरिकेड्स हटाए जा रहे हैं। ३५ किमी सड़कों पर लगे बैरिकेड्स में से २६ किमी की सड़कों से बैरिकेड्स हटा लिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक दहिसर (ईस्ट) और अंधेरी (ईस्ट) में मेट्रो का काम काफी तेजी से चल रहा है। एमएमआरडीए ने मेट्रो-७ के लिए ३५ किमी के इलाके को बैरिकेड्स किया है, जो कि अंधेरी ईस्ट से दहिसर ईस्ट और मेट्रो २ ए दहिसर से डीएन नगर के हिस्से में मेट्रो का काम चल रहा है। फिलहाल मॉनसून को देखते हुए ७५ प्रतिशत बैरिकेड्स को हटाने का काम पूरा हो गया है। अधिकारी ने बताया कि कुछ जगह ऐसी हैं, जहां पर लगे बैरिकेड्स हटाने से काम में परेशानी होगी। ये जगह वेस्टर्न एक्सप्रेस हाई-वे, मालाड का पुष्पा पार्क इलाका, कांदिवली-ईस्ट का अकुर्ली रोड, लिंक रोड लोखंडवाला और डीएन नगर के बैरिकेड्स नहीं हटाए जाएंगे। गौरतलब है कि एमएमआरडीए ने पहले ही बता दिया है कि वेस्टर्न एक्सप्रेस हाई-वे और लिंक रोड के बैरिकेड्स इस साल के अंत तक या फिर अप्रैल २०२० तक हटा दिए जाएंगे।